खबर संक्षेप

स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज

कटनी। जिले में युवाओं को युवा संगम एसओपी के अनुसार प्रति माह के तृतीय सोमवार को कार्यालय अंतर्गत रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के लिए रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाना है। इस हेतु कैलेण्डर जारी करते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने बताया कि माह मार्च 2025 युवा संगम आयोजन तिथि 27 मार्च को पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी में किया गया है। आयोजन की व्यवस्था प्राचार्य, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, कटनी द्वारा की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री गेमावत ने बताया कि विभिन्न प्रकार की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, युवाओं को अप्रेंटिस शिप कार्यालय अंतर्गत प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जायेगा तथा स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा ऋण संबंधी जानकारी प्रदान की जा कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। इसलिए निर्धारित तिथि एवं स्थान के अनुसार ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर मुनादी एवं पम्पलेट, विद्यालय, महाविद्यालयों के सूचना पटल, आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार करवाने का दायित्व सौंपा गया है।

संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल एवं मेला 29 एवं 30 मार्च को

कटनी। संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला 2025 का आयोजन जवाहर नेहरू कृषि विश्वविद्यालय प्रांगण आधारताल, जबलपुर में 29 एवं 30 मार्च को किया जायेगा। इस मेले में किसानों को लघु धान्य फसलों के क्षेत्र विस्तार, विपणन, प्रसंस्करण एवं आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने, नवीनतम कृषि तकनीकी, जैविक खेती और आधुनिक कृषि यंत्रों संबंधी जानकारी प्रदान की जायेगी। संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल सह कृषि मेला शनिवार 29 मार्च को प्रातः 10 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन, प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक स्टॉल और प्रदर्शनी का शुभारंभ, दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक कृषि विषयों पर वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों से परिचर्चा, अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक लाउज में बी2बी और एफ2बी की बैठक व किसान कार्यशाला, वैज्ञानिक परिचर्चा, सायं 5 बजे से सायं 6.30 बजे तक फील्ड विजिट और सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी तरह रविवार 30 मार्च को प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक फील्ड विजिट, प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक कृषि विषयों पर वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों से परिचर्चा, दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक बी2बी और एफ2बी सत्र, अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक किसान कार्यशाला और इसके पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।

आयुष्मान कार्ड बनवाने में तेजी लाने दिए निर्देश

कटनी। आयुष्मान कार्ड बनाये जाने आपके द्वार निरामयम्-अभियान के तहत ढीमरखेडा ब्लाक में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आशा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामपंचायत सरपंच, सचिवों को पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाने तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की भी समीक्षा की गई।बीएमओ डा. बीके प्रसाद ने बताया कि पात्रता में 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ट नागरिक, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण में पंजीकृत श्रमिक आदि शामिल है। ऐसे पात्र हितग्राही ग्रामपंचायत या आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर कार्ड बनवा सकते है।बैठक में जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी, बीएमओ डा. बीके प्रसाद, जितेंद्र डोडवे आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है उक्त अभियान के तहत 8 अप्रैल तक कार्ड बनाए जाएंगे।

हाईवे 43 में एनकेजे थाना अंतर्गत सुर्की डैम के पास हुआ दर्दनाक हादसा

हाईवा और कार के बीच हुई सीधी भिड़ंत में भाई की मौके पर मौत, बहन गंभीर

हाईवे 43 में आए दिन दर्दनाक सड़क हादसे हो रहे हैं। एक के बाद एक दो सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। एनकेजे थाना क्षेत्र के सुर्खी डैम के पास मंगलवार देर रात एक कार और रेत से भरे हाईवा में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार चला रहे युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि कार मे सवार युवक की बहन गंभीर रूप से घायल हों गईं हैं जिसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जानकारी के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि कार चला रहे युवक के पेट में स्टेरिंग घुस गई थी जबकि युवक के की बहन का हाथ फैक्चर हो गया है। हादसे के बाद क्रेन से कटकर युवक का शव कर से बाहर निकल गया है। पुलिस ने सोमवार को मृतक के शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को प्रशिक्षण के लिए भेजा। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी अंकुर पिता अजय जयसवाल 36 साल निवासी हीरा गंज अपनी बहन तवसी पिता अजय जयसवाल 25 वर्ष के साथ मंगलवार की रात्रि मझगवां क्षेत्र स्थित ढाबे से खाना पार्सल करवाकर कार से वापस अपने घर लौट लौट रहे थे। इसी दौरान सुर्खी डेम के मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार रेत से भरे हाइवा से कार टकरा गई। हादसे में अंकुर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी बहन घायल हो गई। घायल युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही हैं।

बाइक सवार दंपत्ति को घसीटा

गौरतलब है कि इससे पहले मंगलवार की दोपहर में मझगवां में ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मारते हुए करीब 10 मीटर तक घसीटते ले गया। इस हादसे में दोनो की मौत हो गई। कुचल दिया था। हाईवे के ब्लैक स्पाटों में आए दिन भीषण हादसे हो रहे हैं।

देवरी हटाई में चैत्र नवरात्र को लेकर व्यापक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम देवरी हटाई में आदि शक्ति मां जगदंबे की आराधना, उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। जिले में देवरी हटाई ऐसा क्षेत्र है जहां शारदेय नवरात्र की तरह ही चैत्र नवरात्र मनाया जाता है। ग्राम में जगह जगह समितियों द्वारा मां दुर्गा के विविध रूपों वाली प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। देवरी हटाई के आसमानी सिद्धपीठ में जवारा बोये जाते हैं। रामनवमीं को चल समारोह निकाला जाता है। चल समारोह देखने के लिए जिले से आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचते हैं।

चैत्र रामनवमीं महोत्सव को लेकर जय मां आसमानी सत्संग सेवा समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

आयोजनों की रूपरेखा

रविवार 30 मार्च को चैत्र नवरात्र पर्व के प्रथम दिन देवी आव्हान, ध्वजा रोहण, कलश स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही गांव में रामलीला मंचन का शुभारंभ किया जाएगा। सोमवार 31 मार्च को जवारा कलश स्थापना की जाएगी। 7 अप्रैल को रामनवमीं, श्री राम जन्मोत्सव, कन्या पूजन, हवन एवं भंडारे का आयोजन होगा। 8 अप्रैल को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इस दिन प्रतिमा विसर्जन एवं जवारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। दशहरे पर सारी रात्रि विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, देवी जागरण, आर्केस्ट्रा, कव्वाली राई नृत्य, पारंपरिक देवी भजनों सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा। नव दिवसीय दुर्गा सप्तशती पाठ एवं रात्रि 8 बजे से दिव्या महाआरती का भी आयोजन होगा। 9 अप्रैल को समापन समारोह होगा

उमड़ती है भारी भीड़

देवरी हटाई में चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहता है। मां आदिशक्ति के विभिन्न रूपों वाली स्थापित प्रतिमाओं के दर्शन करने लोग पहुंचते हैं। दशहरा एवं जवारा विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। दशहरा पर सारी रात लोग रतजगा करते हैं। सांस्कृतिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों के अलावा लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हैं।

पिपरहटा को आदर्श ग्राम बनाने के लिए बैठक का आयोजन

जल एवं पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति एवं स्वच्छता के लिए किया जाएगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा में पिपरहटा को आदर्श ग्राम बनाने के लिए स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर में बैठक का आयोजन विकासखंड सामान्य विभाग मिश्र एवं ग्राम सरपंच शिवकुमार पांडे की उपस्थिति मेंकिया गया।

सर्वप्रथम विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने उपस्थित ग्राम वासियों से ग्राम की विशेषताओं के बारे में जानकारी ली गई तत्पश्चात उन्हें जन अभियान परिषद के द्वारा ग्राम वासियों के सहयोग से आदर्श ग्राम बनाए जाने के संबंध में जानकारी दी गई। जिसके अंतर्गत ग्राम में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, नशा मुक्ति, विवाद मुक्ति, स्वच्छता और जैविक कृषि के क्षेत्र में ग्राम वासियों के द्वारा जागरूक होकर कार्य किया जाएगा। उपस्थित ग्राम वासियों ने ग्राम सरपंच शिवकुमार पांडेय के समन्वय से ग्राम को आदर्श बनाने के लिए मिलजुल कर कार्य करने हेतु अपनी सहमत प्रदान की।

प्रथम चरण में ग्राम में नौनिहालों में संस्कार पैदा करने की दृष्टि से संस्कार केंद्र का संचालन प्रारंभ करने,ग्राम वासियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने की दृष्टि से जन सूचना केंद्र का संचालन प्रारंभ करते हुए आगामी अप्रैल माह में ग्राम वासियों के सहयोग से ग्राम उत्सव का आयोजन करने हेतु कार्य योजना बनाई गई। बैठक में नवांकुर संस्था अनुभूति जनजागरण संस्थान के सचिव अवधेश तोमर, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रामानुज पांडेय, अमित तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रामलाल भूमिया सहित ग्रामवासी विनोद कुमार पांडेय, राम जियामन पांडेय, रमैया भुमिया, प्रमोद पांडेय, पंकज तिवारी आदि उपस्थित रहे।

महापौर ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

नगर में विकास कार्य का सिलसिला जारी है। अमृत योजना अंतर्गत मोहन घाट, मसुरहा घाट का जीर्णोद्धार कार्य लगभग 1.83 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। बुधवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद साथियों एवं अधिकारियों के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने घाटों में चल रहे पिंचिंग, पाथवे, प्लांटेशन इत्यादि कार्यों की प्रगति की जानकारी ली जिसमें अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मोहन घाट में 80 प्रतिशत एवं मसुरहा घाट में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है एवं आगामी 2 माह के अंदर कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा।उपरोक्त के अतिरिक्त महापौर सूरी ने मोहन घाट,मसुरहा घाट एवं गाटर घाट में कटनी नदी में मिलने वाले नालों के ट्रीटमेंट हेतु निर्माणाधीन एसटीपी का निरीक्षण भी किया गया एवं प्रोजेक्ट से संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एसटीपी निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के साथ-साथ शेष सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयसीमा में किए जाने के निर्देश दिए हैं(

सूदखोरो से तंग युवक द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में दो के विरूद्ध मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चरगवां निवासी एक युवक के द्वारा सूदखोरो से तंग आकर आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने दो व्यक्तियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया है। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन मे एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद प्रभात शुक्ला के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया के नेतृत्व मे मर्ग की जांच की गई। जांच दौरान मृतक के पिता अरुण सिह पिता मान सिह राजपूत 39 वर्ष निवासी चरगंवा से घटना के संबंध मे पूछताछ कर कथन लेख किये गये। जिसने बताया कि मेरा तीन चार माह पहले मेरे पुत्र रविराज ने मुझसे रुपये मांगे लेकिन पैसे नहीं होने से उसे नहीं दे पाया। पुत्र ने बोला कि अपने दोस्त से ले लूँगा। जनवरी माह में मैने रविराज से पूछा कि कितना पैसा लिया है तब रविराज ने बताया था कि 45,000 रुपये सुजीत कुशवाहा से एंव 30,000 रुपये आशुतोष यादव से लिया हूँ जो पैसा वापिस करने के लिये मुझे परेशान कर रहे है। पैसे वापिस करने को लेकर मानसिक रुप से प्रताडित कर रहे थे। इसी बात का लडके रविराज सिह ने अपने मोबाईल पर स्वयं की वीडियो प्रताडना का बनाकर रखा था। तब मैने उसके मोबाईल का वीडियो देखा तो जानकारी हुई कि सुजीत कुशवाहा और आशुतोश यादव की प्रताडना से रविराज सिह ने 23 मार्च को जहरीली वस्तु सेवन कर लिया था। सुजीत कुशवाहा और आशुतोष यादव के व्दारा दिये गये पैसो से अधिक ब्याज सहित पैसा लेने के लिये रविराज सिह को शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताडित कर रहे थे। जिससे उसने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था और उस की मृत्यु हो गयी। मर्ग जांच पर सुजीत कुशवाहा, आशुतोश यादव निवासी महाराजपुर आधारताल जिला जबलपुर का कृत्य अपराध धारा 108, 3(5) बीएनएस के तहत दंडनीय पाये जाने से प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर तलाश की जा रही है।

बिलहरी एवं झिंझरी चौकी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

शराब पीकर वाहन चलाने वाले आटो एवं ट्रक चालक पर 20 हजार रूपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक के विरूद्ध न्यायालय ने 10 हजार रूपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय हमराही स्टाफ के साथ ईलाका में गश्त कर रहे थे इसी दौरान चौकी बिलहरी अंतर्गत बिलहरी चौधरी मोहल्ला रोड पर आटो क्रमांक MP 21 ZE 1288 का चालक लहराते हुए वाहन लेकर चले आ रहा था जिसे पुलिस ने रोकने की कोशिश की लेकिन चालक इतना शराब के नशे में था कि पुलिस ने बड़ी मशक्कत व वाहन को रोका। वाहन चालक भीम सेन चौधरी पिता रामकरण चौधरी

25 साल निवासी चौधरी मोहल्ला बिलहरी का बहुत नशे में पाया गया जिसका तत्काल पुलिस ने जिला चिकित्सालय कटनी से मुलाहिजा कराया जिसमे चिकित्सक व्दारा भी चालक को नशे में होने की पुष्टि किये जिस पर पुलिस ने धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आटो को जप्त कर लिया। चालक के विरूद्ध कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। जिस पर न्यायालय व्दारा 10,500 रूपये का अर्थदण्ड चालक के विरूद्ध अधिरोपित किया गया।

इसी तरह झिंझरी चौकी पुलिस ने शराब पीकर ट्रक चलाने वाले चालक पर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार रात्री करीब 1 बजे झिंझरी पुलिस के सउनि शशिभूषण सिंह हमराही स्टाफ के साथ ईलाका में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान चौकी झिंझरी अंतर्गत बिलहरी रोड पर ट्रक क्रमांक CH 01 TA 7736 का चालक लहराते हुए वाहन लेकर चले आ रहा था जिसे पुलिस ने रोकने की कोशिश की लेकिन चालक इतना शराब के नशे में था कि पुलिस ने बड़ी मशक्कत व हिकमत अमली से वाहन को रोक पाई। चेक करने पर वाहन चालक दर्शन सिंह पिता चाचन सिंह 46 साल निवासी मंडवाल जिला कैथाल (हरियाणा) का बहुत नशे में पाया गया जिसका तत्काल पुलिस ने जिला चिकित्सालय कटनी से मुलाहिजा कराया। चिकित्सक व्दारा भी चालक को नशे में होने की पुष्टि किये। पुलिस ने धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया एवं चालक के विरूद्ध इस्तगाशा क्रं0 08/25 न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय व्दारा 10,000 रूपये का अर्थदण्ड चालक के विरूद्ध अधिरोपित किया गया।

ई उपार्जन पोर्टल पर समस्त कार्यदिवसों में करा सकेंगे

जिले के 55 केन्द्रों में 20 अप्रैल तक होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

रबी वर्ष 2024 -25 एवं विपणन वर्ष 2024 -25 में समर्थन मूल्य पर तुअर फसल के पंजीयन हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने निर्देश जारी किये हैं। जिले में पंजीयन कार्य 25 मार्च से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। पंजीयन की कार्यवाही मप्र खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गेहूँ के ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जाना है। तुअर का पंजीयन गेहूँ के पंजीयन हेतु निर्धारित केन्द्रों पर ही किया जायेगा। तुअर फसल के पंजीयन तिथि 25 मार्च से 20 अप्रैल तक (समस्त कार्य दिवसों) में की जायेगी।

सहकारी विपणन संस्था मर्या० कटनी कुठला, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कन्हवारा, प्राथमिक कृषि साख समिति पहाड़ी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चाका (कैलवारा), कैलवाराकला, वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति कटनी मुडवारा, वृहताकार कृषि साख सहकारी, समिति हीरापुर कौड़िया।

ढ़ीमरखेड़ा- प्राथमिक कृषि साथ समिति पानउमरिया, प्राथमिक कृषि साख समिति खमतरा, प्राथमिक कृषि साथ समिति ढीमरखेडा, प्राथमिक कृषि साख समिति दशरमन, प्राथमिक कृषि साख समिति सिलौंडी, प्राथमिक कृषि साथ समिति झिन्ना पिपरिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति देवरीमंगेला, विपणन सहकारी समिति उमरियापान

बड़वारा - प्राथमिक कृषि साख समिति बडवारा बडवारा कला, प्राथमिक कृषि साख समिति विलायतकला (केन्द्र क्र. 01), प्राथमिक कृषि साख समिति विलायतकता (केन्द्र क्र. 02) भजिया, प्राथमिक कृषि साख समिति अमाडी (कांटी) (केन्द्र के. 01) अमाडी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बसाडी, प्राथमिक कृषि साख समिति नन्हयारा सेझा नन्हवारा सेझा।

बरही- प्राथमिक कृषि साख समिति बरही (केन्द्र क्र. 01), प्राथमिक कृषि साख समिति बरही (केन्द्र क्र. 02), प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिपरियाकला पिपरियाफला, किसान सहकारी विपणन समिति बडवारा करेला।

बहोरीबंद- प्राथमिक कृषि साख समिति बहोरीबंद, प्राथमिक कृषि साख समिति हथियागढ, प्राथमिक कृषि साख ममिति कुआं, प्राथमिक कृषि साख समिति कूडन, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बाकल, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिंहुडी, प्राथमिक कृषि साथ सहकारी समिति इमलिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चादनखेडा, प्राथमिक कृषि साख समिति देवरी खरगवां, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सलैया (पटोरी) सलैया पटोरी, महाकाल विपणन सहकारी समिति बहोरीबंद बरही (बाकल)।

रीठी- प्राथमिक कृषि साख समिति रीठी (केन्द्र क्र. 01), प्राथमिक कृषि साख समिति रीठी (केन्द्र क्र. 02) मोहास, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बिलहरी , प्राथमिक कृषि साख समिति बड़गांव, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति वकलेहटा, प्राथमिक कृषि साख समिति रैपुरा, कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी देवगाँव आदि में पंजीयन होगा।

ईद-उल-फितर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

31 मार्च या 1 अप्रैल को (चंद दिखने के अनुसार) ईद-उल-फितर का त्यौहार जिले अंतर्गत सभी प्रमुख स्थानों में मनाया जायेगा। इस अवसर पर जनसामान्य की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से अपर जिला मजिस्ट्रेट साधना परस्ते द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी प्रदीप कुमार मिश्रा, उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी को बनाया गया है। एवं अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, ढ़ीमरखेड़ा को अपने अनुभाग एवं तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कार्यापालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में बीके मिश्रा तहसीलदार कटनी (शहरी) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी नगीना मस्जिद, मिशन चौक, शहर जामा मस्जिद, ईश्वरीपुरा वार्ड, नूरी (छोटी) मस्जिद एवं आजाद चौक में, राकेश अहिरवार अधीक्षक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भू-अभिलेख कार्यालय कटनी की ड्यूटी ईदगाह, आदर्श कॉलोनी, वक्फ मस्जिद, अल्फर्टगंज, सुभाष चौक, इस्हाकिया मस्जिद, अहमद नगर कटनी में, अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी (ग्रामीण) एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी अबू जर गफफारी मस्जिद, झर्रा टिकरिया, एक मिनारा (अजीमिया) मस्जिद, बरगवां, गौसिया मस्जिद, बरगवां कटनी में लगाई गई है।

इसी प्रकार रामटेके हर्षवर्धन ए.एस.एल.ओर. भू-अभिलेख कार्यालय कटनी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी मस्जिद, मंगल नगर, वक्फ मस्जिद, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कटनी, जामा मस्जिद रजा नगर, एन. के. जे. कटनी, नूरूल बशर मस्जिद, एन. के. जे. बजरिया कटनी में, नेहा जैन नायब तहसीलदार नजूल कटनी कार्यपालन दण्डाधिकारी की ड्यूटी मदीना मस्जिद, रोशन नगर कटनी, खिरहनी मस्जिद, बिरहनी रेलवे फाटक के पास ड्यूटी लगाई गई है।

आकाश दीप नामदेव अतिरिक्त तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी मुख्य रेल्वे स्टेशन कटनी एवं अमीरगंज मस्जिद कटनी में अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाडी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी हुसैनी मस्जिद में लगाई गई है।

खबर संक्षेप

निगमायुक्त ने गठित किया वसूली दल

कटनी। मप्र शासन के अनुसार नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के मात्र अधिभार (सरचार्ज) में दी गई छूट को 25 से 31 मार्च तक जारी रखते हुये अधिक से अधिक बकाया राशि वसूल किया जाना है। जिसके अनुपालन में निगमायुक्त नीलेश दुबे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति तक नगर निगम सीमान्तर्गत वार्ड क. 01 से 45 तक के सभी बकायादारों से प्रतिदिन सम्पर्क करते हुये बकाया राशि जमा कराने हेतु दल प्रभारी बनाते हुए वसूली दल का गठन किया है। श्री दुबे ने गठित दल के अधिकारी, कर्मचारी को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आपस में समन्वय बनाते हुए प्रतिदिन वार्डों का भ्रमण कर बकायादारों से अधिक से अधिक सम्पर्क करते हुये बकाया सम्पत्तिकर,जलकर राशि जमा कराने एवं सभी दल प्रभारियों को वसूली कराये जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वसूली कार्य में किसी प्रकार की समस्या आने पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक से सम्पर्क करते हुये समस्या का त्वरित निराकरण कराये जाने के भी निर्देश दिए हैं।

राशन दुकान जाकर हितग्राही ई-केवाईसी जल्द करा लें

कटनी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 9 लाख 54 हजार 151 हितग्राहियों की ई-केवायसी की जाना है। किन्तु जिले में मात्र 79 प्रतिशत हितग्राहियों द्वारा ई-केवायसी कराई गई है। जिन हितग्रहियों द्वारा अभी तक ई-केवायसी नहीं कराई गई है, ऐसे हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वह अपनी नजदीकी राशन दुकान में जाकर 31 मार्च के पूर्व ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें।

31 मार्च तक किसान भाई करा सकेंगें पंजीयन

कटनी। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो 05 मई 2025 तक जारी रहेगी। भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसमें राज्य शासन द्वारा 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिए जाने से किसानों को कुल 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के किसानों की सुविधा एवं सुरक्षित भंडारण और परिवहन की सुगमता को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 85 उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमें से 72 उपार्जन केन्द्र बना दिये गए है तथा शेष की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। एमपी ई-उपार्जन पोर्टल के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु जिले में कुल 36 हजार 977 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसका कुल रकबा 81260.11 हेक्टेयर है। इनमें तहसील बहोरीबंद के 7936, ढीमरखेड़ा के 6071, रीठी के 4683, विजयराघवगढ़ के 4530, बड़वारा के 3804, स्लीमनाबाद के 3314, बरही के 2527, कटनी नगर के 2075 और तहसल कटनी के 2039 किसान शामिल हैं। गेहूँ उपार्जन हेतु किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगें।

बड़वारा पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपितों को न्यायालय में किया गया पेश

एक युवक से एक लाख का गांजा तो दूसरे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा पुलिस ने गांजा तस्करी कर रहे युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं एक युवक के पास से बड़ी मात्रा में कच्ची शराब भी जब्त की है। दोनो आरोपितों पर कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी एसआई किशोर द्विवेदी ने बताया कि पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन के व्दारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा था।

बुधवार को सउनि सतेन्द्र सिंह हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान बड़वारा ग्राम पठरा के जंगल में एक व्यक्ति जिसका नाम सोहरत पारथी पिता रिस्टेर पारधी 32 साल निवासी ग्राम बिचपुरा थाना बरही को पकड़ा गया। युवक के कब्जे से बोरी में रखे 6.828 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजे की कीमत करीबन 1,05,000/- रूपये आंकी गई है।

आरोपित के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। आरोपी सोहरत पारधी को न्यायालय कटनी पेश किया गया।

कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि किशोर कुमार द्विवेदी, सतेन्द्र सिंह, सउनि विक्रम सिंह, सउनि रामनाथ साकेत, प्रआर. पवनराज, के. के. शुक्ला, राजकुमार सिंह, आर. बृजलाल प्रजापति, 591 गौरीशंकर राजपूत, दीपक सिंह की भूमिका रही।

60 लीटर कच्ची शराब जब्त

इसी तरह मुखबिर की सूचना पर एक युवक के पास से कच्ची शराब भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार 26 मार्च को सउनि रामनाथ साकेत हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान बड़वारा ग्राम देवरी मोड़ के पास एक व्यक्ति जिसका नाम शिवा आदिवासी पिता ललार आदिवासी 32 साल निवासी गांधीग्राम जनकपुर थाना कोतवाली जिला पन्ना के कब्जे से चार प्लास्टिक के तेल वाले डिब्बे में कुल 60 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कीमती करीबन 12000/- रूपये जप्त किया। आरोपित के विरूद्ध धारा 34(2) आब एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा आरोपी शिवा आदिवासी को न्यायालय कटनी पेश किया गया।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम 27 को भैंसवाही में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। जिले में लोक सुनवाई सह जनसंवाद का कार्यक्रम जारी है।

जिले में अगली लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम अब गुरुवार 27 मार्च को शाम 4 बजे से विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत भैंसवाही में होगा। बुधवार 26 मार्च को संभागायुक्त जबलपुर द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक आहूत किये जाने के कारण तिथि में परिवर्तन किया गया है।

बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

गुरुवार 27 मार्च को विजयराघवगढ़ के भैसवाही में, गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

माधवनगर पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपित को भेजा गया जेल

देशी कट्टा एवं कारतूस लेकर घूम रहे आदतन अपराधी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शातिर बदमाश करण बिहारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह किसी आपराध को घटित करने के इरादे से देसी कट्टा और जिंदा कारतूस लिए घूम रहा था।

माधव नगर थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि आदतन अपराधी करन बिहारो को अवैध रूप से 12 बोर के कट्टे व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में की गई है। गत दिवस माधवनगर की पुलिस टीम भ्रमण पर थी, तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि करण सिंह उर्फ बिहारी पिता स्व.

रुपनारायण सिंह राजपूत उम्र 33 वर्ष नि. मानसरोवर कालोनी माधवनगर कटनी का कट्टा और जिंदा कारतूस लेकर घटना करने की नियत से घूम रहा है। जिस पर माधवनगर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर झिंझरी से करण बिहारी को 12 बोर के कट्टे व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्द किया गया है।

पुलिस के मुताबिक करन बिहारी मानसरोवर कालोनी का रहने वाला है। जो की लगातार अपराध जगत में सक्रिय है और अभी कल 24 मार्च 25 को ही हत्या के प्रयास के मामले में जिला जेल कटनी से रिहा हुआ था। जेल से आते ही पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी देने लगा जिस पर पुलिस ने फरियादी दीपक मोटवानी की रिपोर्ट पर आरोपी करन बिहारी के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। इसी दौरान वह देशी कट्टा और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। जो की फिर से जेल की सलाखो के पीछे पहुँच गया है।

कार्यवाही में सउनि संतोष सिंह, प्रआर0 अजीत सिंह, श्रीकान्त सेन, आरक्षक भानु, मनी, सुभाष, ओम शिव की भूमिका रही।

द्वारिका सिटी स्थित बंगले में लगी भीषण आग

बरगवां क्षेत्र के द्वारिका सिटी स्थित एक बंगले में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आस पास के लोंग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी दमकल विभाग और पुलिस को दे दी गई है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र द्वारिका सिटी स्थित आहूजा बिला गिरीश आहूजा बंगले में आग लगी है। आग इतनी भीषण थी कि मौके पर पहुंची दो दमकल गाड़ियों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। विला के सभी लोग सुरक्षित घर से बाहर निकाल लिया गया हैं। फायर ब्रिगेट के कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे हुए है।

सेल्फ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रचार कराने का कलेक्टर ने तहसीलदारों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें जन-सुनवाई एवं जन-संवाद कार्यक्रमों के दौरान पीएम किसान योजना के छूटे हुये पात्र हितग्राहियों की शिकायतों एवं आवेदनों को दृष्टिगत रखते हुए हितग्राहियों की सुविधा के मद्देनजर सैल्फ रजिस्ट्रेशन कराये जाने की प्रक्रिया का आम जनमानस में पर्याप्त प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर नें समस्त सैल्फ रजिस्ट्रेशन से प्राप्त आवेदनों को तहसीलदार आई.डी से समयसीमा में जांच कर नियमानुसार अनुमोदन की कार्यवाही करनें के निर्देश जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दिए है।

सेल्फ रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हेतु सर्वप्रथम pmkisan.gov.in पर जाना होगा उसके पश्चात न्यू फार्मर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करके कृषक का आधार नंबर व यूनिक मोबाईल नंबर दर्ज करना होगा। राज्य का चयन करने के पश्चात पहले मोबाईल का ओटीपी तत्पश्चात आधार का ओटीपी दर्ज करने के पश्चात अनुमति देनी होगी। अनुमति की कार्यवाही के पश्चात ग्राम की जानकारी एलजीडी कोड अनुसार सही-सही दर्ज करनें के पश्चात किसान की वर्ग तथा किसान का प्रकार चुनना होगा। इसके पश्चात एड लैंड डीटेल में जाकर जमीन की जानकारी, खसरा, रकवा, भूमि प्राप्ती की दिनाँक और प्रकार चुनने पर भूमि संबंधित दस्तावेज पीडीएफ रूप में अपलोड कर एड पर क्लिक कर सेव कर करना होगा। इस प्रक्रिया हेतु सर्वेप्रथम pmkisan.gov.in पर जाकर अपडेशन ऑफ सेल्फ रजिस्टर्ड फार्मर्स पर क्लिक कर कृषक का आधार नंबर व कैप्चा दर्ज करने पर मोबाईल नंबर प्रदर्शित होगा, गलत होने पर सही नंबर डालकर गेट मोबाइल ओटीपी पर क्लिक कर आधार का ओटीपी दर्ज कर अनुमति देने पर भरा हुआ फॉर्म प्रदर्शित होगा दसमें नियमानुसार अद्यतन करें। इसके पश्चात भूमि संबंधित दस्तावेज पीडीफफ के रूप में अपलोड कर एड पर क्लिक कर सेव करना होगा।

अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने जिले के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को पीएम किसन सेल्फ रजिस्ट्रेशन के उपरोक्त दोनों कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करानें के निर्देश दिए है।

जनसंवाद कार्यक्रम की तैयारियों का सीईओ ने लिया जायजा

सीईओ ने आवास प्लस टू के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य का भी किया मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में गुरुवार, 3 अप्रैल को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत खम्हरिया में लोकसुनवाई सह जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित होगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री यादव एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत लोक सुनवाई सह जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुनेंगे। कलेक्टर श्री यादव की इस अभिनव पहल से मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री युजवेंद्र कोरी ने ग्राम पंचायत खम्हरिया, खमतरा, पहरूवा सहित अन्य ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। श्री कोरी ने आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के पूर्व स्थल चयन सहित आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारी किए जाने के निर्देश ग्राम पंचायत को दिए। उन्होंने लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होने के पूर्व ग्रामीणों की समस्याओं, शिकायतों और प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्परता पूर्व निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को दिए। जनपद पंचायत सीईओ श्री कोरी ने आवास प्लस टू के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य का भी निरीक्षण कर 31 मार्च तक शत प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य कर समग्र सूची के साथ वांछित जानकारी नियत समय सीमा में जमा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखें।

इस दौरान उन्होंने केंद्रीय एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार लाभान्वित कराए जाने हेतु निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान सहायक विकास विस्तार अधिकारी अजिताभ सिंह, उपयंत्री ओ.पी. गुप्ता और अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में कृषि विज्ञान मेला का हुआ शुभारंभ

जैविक उत्पादों और श्री अन्न के लगाए स्टॉल, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में बुधवार 26 मार्च से 2 दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का भव्य शुभारंभ हुआ। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला पंचायत सदस्य अजय गोटिया, एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा और परियोजना अधिकारी आत्मा रजनी सिंह चौहान एवं मानव विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान पहुंचे।

जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का आयोजन मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कृषि मेले को उपसंचालक कृषि एवं परियोजना संचालक, आत्मा ने कृषि विज्ञान मेले के उद्देश्यों पर सारगर्भित प्रकाश डाला और हर किसान की आय को दोगुनी करने के सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित की अनेक

योजनायें बनायी गयी है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कृषि कल्याण एवं कृषि विकास सहित आत्मा परियोजना के माध्यम से योजनाओं का लाभ हर किसानों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

योजनाओं की दी गई जानकारी

कृषि मेला में किसानोपयोगी कई महत्वपूर्ण स्टॉलों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें से अंजय फूड कटनी प्रा. लि. के काला सोना ब्राण्ड के कच्ची घानी सरसों तेल की अच्छी-खासी मांग रही। यहां जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक रंजीत सिंह गौतम की मौजूदगी में लगे स्टॉल में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित अन्य स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। कृषि मेला में मानव जीवन विकास समिति के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार जैविक उर्वरक और कीटनाशकों के स्टॉल लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। जिसमें पोषक तत्व प्रबंधन उर्वरक जीवामृत, मठास्त्र, अग्नेयास्त्र, ब्रम्हास्त्र, दसपर्णी, वर्मीकम्पोस्ट, मटकाखाद लमित जैसे कीटनाशक और दवाईयों का भी प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन सह विक्रय स्टॉल लगाये

वहीं संगम बीडी एफपीओ द्वारा श्री अन्न के स्टॉल में कोदौ-कुटकी, रागी, ज्वार, काला गेहूं, मसाला, हल्दी, धनिया, मिर्च आदि का प्रदर्शन सह विक्रय स्टॉल लगाये गये। जिनमें लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। इसके अलावा मेले में लाडली बहना, शौर्यादल, लाडली लक्ष्मी, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, इफको के भी स्टॉलों में किसानों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली। वहीं कृषि यंत्रों में ट्रैक्टर, रोटावेटर, हैवी सीडर, सुपर सीडर, मल्टी क्रॉप सीड ड्रिल, लेवलर और मल्ट्री क्रॉप थ्रेसर का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा लोगों के जनाकर्षण का केन्द्र यहां इफको द्वारा प्रदर्शित ड्रोन रहा जिसके माध्यम से फसलों में कीटनाशकों के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।

जिले में अब तक 9.90 लाख से अधिक नागरिकों की कराई गई ई-के.वाई.सी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले की समस्त जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में समग्र पोर्टल मे समग्र आई.डी से आधार नंबर की शत-प्रतिशत ई-के.वाय.सी. का कार्य पूर्ण कराने हेतु की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा अभियान की सतत समीक्षा की जाकर अधिकारियों को भू-स्वामियों के राजस्व भू-अभिलेख खसरे को समग्र एवं आधार से लिंकिंग प्रक्रिया भी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया है।

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के नगरीय निकायों सहत विकासखंडों में समग्र ई- केवाईसी का कार्य निरंतर जारी रखा जाकर अधिक से अधिक नागरिकों की समग्र आई.डी से खसरा नंबर लिंक कराने की कार्यवाही की जा रही है।

26 मार्च तक की स्थिति

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर विकासखंडवार किये जा रहे इस कार्य के तहत बुधवार 26 मार्च की प्रातः तक जिले में कुल 9 लाख 90 हजार 343 नागरिकों की समग्र आई से आधार से ई-केवाईसी की जा चुकी है। जिसमें जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 21 हजार 350 , जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 44 हजार 744, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 1 लाख 75 हजार 147, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 44 हजार 372 , जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 2 हजार 620, जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 47 हजार 735, नगर निगम कटनी क्षेत्र में 1 लाख 25 हजार 411, नगर परिषद बरही में 10 हजार 777, नगर परिषद कैमोर में 11 हजार 212 तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 6 हजार 975 नागरिकों की ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई-के.वाय.सी. का कार्य एम.पी. ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सी.एस.सी.के, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है। नागरिकों के लिए ई-के.वाय.सी की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

कियोस्क एजेंसी को प्रति सफल ट्रांजैक्शन हेतु एम.पीएस.ई.डी.सी द्वारा प्रति ट्रांजेक्शन निर्धारित शुल्क दिया जायेगा।

खबर संक्षेप

नवोदय में चयन

बनवार। सरस्वती शिशु मंदिर कौरता की छात्रा अग्रिमा राय पिता कौंशल ने नवोदय प्रवेश परीक्षा पास करके विद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन किया । छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सुरेश राय एवं शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी एवं उज्वल भविष्य की कामना की।

नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को बधाई

सलेहा। नवोदय विद्यालय में क्षेत्र के कई मेधावी विद्यार्थियों का चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस सफलता में श्रेया वर्मा, माही मिश्रा, आदर्श कुशवाहा और अंश कोरी जैसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्रेया वर्मा पिता श्री राम वर्मा एवं माता गुड्डी वर्मा की पुत्री हैं। श्रेया का चयन नवोदय विद्यालय में होने पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पटना तमोली के व्यवस्थापक श्री ओम सोनी और विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई दी है। माही मिश्रा, पिता स्व. रामकुमार मिश्रा और माता ज्योति मिश्रा की पुत्री हैं। उनका चयन भी नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस उपलब्धि पर ए आर एम हायर सेकंडरी स्कूल, नयागांव के संचालक मनोज विश्वकर्मा एवं विद्यालय परिवार ने माही को शुभकामनाएं दीं। आदर्श कुशवाहा, पिता संत कुमार और माता अनुसुईया के सुपुत्र हैं, जो लिटिल किंगडम हाई स्कूल, सलेहा के छात्र हैं। इनके साथ ही अंश कोरी, पिता शंकरदीन और माता राजकुमारी के पुत्र हैं, जिनका नवोदय विद्यालय में चयन क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इन सभी विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। क्षेत्र के नागरिकों और विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

बाइक, कृषि उपकरण, अनाज सहित अन्य सामग्री जल कर खाक

अज्ञात कारणों के चलते घर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

मड़यिादो थाना क्षेत्र के निवास गांव में एक घर मे बुधवार सुबह करीब 10 बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग बिक़राल हो गई ओर घर के अंदर रखी बाइक,कृषि उपकरण,अनाज सहित अन्य सामग्री जल कर खाक हो गई। घर से उठती आग की लपटों को देखकर स्थानीय लोगों द्वारा मकान मालिक को सूचना दी गई। लोगों द्वारा सामूहिक होकर आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन जब तक आग पर नियंत्रण पाया गया तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार निवास गांव के बलजु पिता करिया बंसल का यह घर बताया गया है। जांच दौरान तक आग लगने का कारण स्पस्ट नही हो पाया है। आग से करीब दो लाख का नुकसान होना बताया गया है ।घटना की सूचना मड़यिादो थाना पुलिस को दी गई । वन्ही नायब तहसीलदार हटा शिवराम चढ़ार के निर्देश पर हल्का पटवारी प्रहलाद पटेल ने पहुंचकर मौका पंचनामा तैयार किया। पटवारी द्वारा तैयार पंचनामा में तकरीबन दो लाख के नुकसान का आकलन किया गया।

बड़ा हादसा टला

वही दोपहर मडियादो के रमना से सटे एक खेत की नरवाई में आग लग गई जो तेजी के साथ के साथ फैलने लगी। आस पास के किसानों द्वारा नरवाई में लगी आग को बुझाया गया। बता दे कि नरवाई के वाले खेत से सटकर अन्य खेतों में अभी फसलें लगी हुई थी। अगर नरवाई की आग फैलती तो एक दर्जन से अधिक किसानों के खेतों में लगी फसलें जल सकती थी। नरवाई में आग कैसे लगी यह कोई नहीं बता रहा है।

शिक्षक दीवार लेखन कर बच्चों के अभिभावकों को कर रहे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शासकीय विद्यालयों मे अधिक से अधिक नामांकन कराने सभी बच्चों को विद्यालय में नियमित उपस्थिति हेतु प्रेरित करने अभिभावकों से निरंतर संपर्क अत्यंत आवश्यक होता है जब तक अभिभावकों के साथ विद्यालय परिवार का लगाव नहीं होता है तब तक विद्यालय का व्यवस्थित संचालन नहीं हो पता इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय संचालन एवं विकास में जन समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से और कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने और सभी पात्र बच्चों का विद्यालय में प्रवेश करवाने हेतु प्रसारित दिशा निर्देशों के परिपालन में,01 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे नवीन शैक्षिक सत्र में विद्यार्थियों के शत प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए विकासखंड बटियागढ़ के एकीकृत माध्यमिक शाला भिलौनी के शिक्षकों में मोहन यादव, माधव पटेल, कैलाश काछी,हरीश पटेल, नीलम खटोल, दुर्गा पटेल, रामकुमार सेन, गीता काछी, प्रधानाध्यापक मनीष दीक्षित जनशिक्षक बखत सिंह और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा गांव की दीवारों पर शाला प्रवेश संबंधी नारों का लेखन करने के साथ साथ नवीन प्रवेश हेतु चिन्हांकित सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों से डोर टू डोर संपर्क कर बच्चों के विद्यालय में प्रवेश हेतु आग्रह किया जा रहा है।

माता सती ने ही हिमाचल के यहाँ पार्वती के रूप में जन्म लिया था - पं रवि शास्त्री

दमोह। स्थानीय श्री देव जानकी रमण जी बूंदाबहू मंदिर में चल रहे श्री शिवमहापुराण कथा के तृतीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने बताया कि माता सती ने ही राजा हिमांचल के यहां उनकी पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया था। ब्रह्मा जी ने नारद जी से कहा कि मेरे पुत्र सनकादी ने पित्रों की तीन कन्याओं में मेना को आशीर्वाद दिया कि वह विष्णु के अंशभूत हिमालय गिरि की पत्नी होंगी। उससे जो कन्या होगी वह पार्वती के नाम से विख्यात होगी। रामचरितमानस में भी आया है कि सती जी ने मरते समय भगवान हरि से यह वर मांगा था कि मेरा हर जन्म में शिवजी के चरणों में अनुराग रहे। इस कारण हिमाचल के घर जाकर पार्वती के रूप में प्रकट हुई। नारद जी ने हिमाचल की पुत्री का हाथ देखकर बताया कि शिवजी को छोड़कर इनका दूसरा वर नहीं हो सकता है। यदि आपकी कन्या तप करे तब भगवान शिव को वर के रूप में प्राप्त कर सकती है। इस दौरान पार्वती ने महान तप किया कुछ दिन जल और वायु का भोजन किया कठोर उपवास किया जो वेल पत्र सूखकर पृथ्वी पर गिरते 3000 वर्षों तक उन्हीं को खाया। इससे उनका नाम उमा पड़ गया पार्वती की तपस्या से शंकर जी भी खुश हुए और उन्होंने सप्तर्षि को पार्वती की परीक्षा लेने भेजा ऋषियों ने पार्वती जी से कहा कि नारद जी के कहने में मत आओं और हट छोड़ दो लेकिन पार्वती जी ने तपस्या करना नहीं छोड़ा और अपनी तपस्या के द्वारा शिवजी को पति रूप में प्राप्त किया. कथा के दौरान मंदिर के पुजारी रामेश्वर प्रसाद शर्मा बालमुकुन्द गर्ग मनोज चनपुरिया राजेश उपमन मनोज सोनी विशाल ठाकुर की विशेष उपस्थिति रही।

बिजली बिल वसूली के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

कांग्रेस ने किसानों से अनुचित समय पर बिजली बिल वसूली के खिलाफ विरोध किया है। जबेरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम तेंदूखेड़ा के नाम जबेरा तहसीदार सोनम पांडे को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग की गई है कि किसानों को बकाया बिजली बिल भरने के लिए 15 अप्रैल तक का समय दिया जाए। ज्ञापन में प्रमुख मांगो में उचित समय पर विद्युत बैंकों का भुगतान एवं कृषकों को समय पर भुगतान किया जाए। लैंड पूलिंग एक्ट लागू न करने किसानों की जमीन की सुरक्षा के लिए लैंड पूलिंग एक्ट लागू न किया जाए। खरीदी केदो में समुचित व्यवस्था किसानों के लिए खरीदी केदो में समुचित व्यवस्था की जाए। जिसमें भोजन, पेयजल इत्यादि की सुविधा प्रदान की जाए।किसानों को 2024 का धान बोनस देने सहित समय पर खाद बीज की व्यवस्था जबेरा बस्ती की खराब सड़क की स्थिति में सुधार के अलावा जबेरा में अनुविभागीय कार्यालय एक दिन लगता है इसलिए 151के केस की सुनवाई जबेरा तहसील में की जाए।जबेरा में स्टेट लाइट की व्यवस्था शामिल है।

ज्ञापन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष पंडित गोविंद तिवारी जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी ठाकुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओ पी शर्मा अखिलेश सोनी जिला कांग्रेस कमेटी सचिव पंडित गोलू तिवारी एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय,जनपद सदस्य दीपक यादव, प्रताप टेकाम पंडित दिनेश दुबे जवाहर सिंह लोधी, विक्रम सिंह लोधी, बाली ठाकुर सुरेंद्र सिंह राजपूत अनिल खरे दीपक लोधी विवेक तिवारी दया प्रधान धन सिंह आदिवासी लव कुश ठाकुर बाली ठाकुर दासर ठाकुर,सिंह ठाकुर नरेंद्र सिंह ठाकुर सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

नायब तहसीलदार ने गल्ला व्यापारियों को मंडी में खरीदी करने दिए निर्देश

हटा। एसडीएम राकेश मरकाम के निर्देशन में नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार एवं मंडी सचिव द्वारा बुधवार की दोपहर नगर के गल्ला व्यापारियों की

आढ़त पर पहुंचकर सभी को हटा मंडी में ही खरीदी करने की अपील करते हुए निर्देशित किया। एवं कहा कि सभी व्यापारी शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार समय पर कृषि उपज मंडी में पहुंचकर किसानों की फसल की खरीदारी करें ताकि क्षेत्र के किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उन्होंने व्यापारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नियमविरुद्ध खरीदारी की गई तो निश्चित ही कार्यवाही की जावेगी।

रेणुका बडोनिया ने उत्कृष्ट विद्यालय चयन परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

बनवार। दमोह जिले के छोटे से गांव बम्होरी माला निवासी रेणुका बडोनिया ने

उत्कृष्ट विद्यालय चयन परीक्षा 2025-26 में जिले में प्रथम स्थान, संभाग में दूसरा और प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, उन्होंने नवोदय विद्यालय परीक्षा भी पास की है। रेणुका की यह सफलता उनके पिता शिक्षक संतोष बडोनिया के द्वारा घर पर पढ़ाई करने के कारण संभव हुई है। उनकी इस सफलता के लिए विद्यालय स्टाफ और ग्राम वासियों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी है। बता दें कि रेणुका बम्होरी ग्राम के प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार दरबारी लाल बडोनिया की भतीजी है।

कांग्रेस नेताओं का राजा दहार में हुआ भव्य स्वागत

पन्ना। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी हरीश चैधरी आज से अपने तीन दिवसीय दौरे पर हैं। खजुराहो से सतना जाते वक्त श्री चैधरी व प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कुलदीप सिंह डिघौरा के नेतृत्व में गुनौर विधानसभा के राजा दहार में पन्ना सतना मार्ग एनएच 39 के किनारे भव्य स्वागत किया, तत्पश्चात दोनों नेताओं ने पास में ही स्थित मंदिर पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन कर भी किए। उपस्थित कांग्रेस जनों ने नारेबाजी करते हुए फूल मालाओं से दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी भूपेंद्र राहुल, जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सचिव डॉ. सरफराज फारूकी, गुनौर ब्लॉक अध्यक्ष अरुण गौतम, युवक कांग्रेस गुनौर विधानसभा अध्यक्ष विक्रम सिंह, गुनौर ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, सेवादल गुनौर अध्यक्ष धर्मराज कश्यप, ब्रजेश पांडे, रूपनारायण द्विवेदी धीरेन्द्र सिंह परमार, सुमंत पांडे, प्रमोद सिंह, भगवत सिंह, जीतेंद्र सिंह, देवू चैबे, रामस्वरूप पटेल, हुकुम लाल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्र बमोरी पांजी में हुआ कार्यक्रम, न्यायाधीश बोले आज की महिला हर क्षेत्र में है आगे

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

आनन्द कुमार तिवारी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के निर्देशानुसार तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला दमोह ज्ञानेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के संबोधन में आंगनबाड़ी केंद्र बमोरी पांजी मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से नंदराम अहिरवार महिला पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा वार्ड की विभिन्न महिला उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश ने कहा महिला सशक्तिकरण का मतलब महिला की सक्ति से होता है। आज के समय में हर देश यही चाहता है की उसके देश की महिला खुद अपनी रक्षा कर सके। आज हम सब जानते है कि हमारे समाज की महिलाये किसी भी कार्य में पुरुष से कम नहीं है। आज की महिलाये वह सब काम कर रहे है जो पुरुष करते है। अगर बात शिक्षा की करे तो हमारे भारत में हर एक एक्जाम और प्रतियोगिता में महिलाये ही आगे रहती है। हमारे देश में नारी का महत्त्व प्राचीन काल से है। प्राचीन काल में हमारे समाज में नारी का देवी की उपाधि दी जाती थी परन्तु आज भी बहुत से ऐसे लोग है जो नारी को एक बोझ समझते है। अगर हम नारी को एक बोझ ना समझते तो हमारे समाज की नारिया ऐसा काम कर सकती है जिसकी हम कल्पना नहीं कर सकते है। हमारे समाज में महिला सशक्तिकरण के लिए सबसे पहले लोगो की सोच को बदलना होगा! और लोगो को ये बताता होगा की आज की नारिया कोई भी कार्य में पुरुष से पीछे नहीं है। हम सभी को मिलकर महिला सशक्तिकर पर बल देना होगा ताकि महिलाये हमारे देश की अर्थव्यवस्था में पुरुषो के जितना अपना योगदान दे सके। महिला सशक्तिकरण के बिना किसी भी परिवार का पूरी तरह से विकाश होना बहुत मुश्किल है। अगर हमारे समाज में महिलाओं सशक्त हो जाती है। तो हमारा पूरा का पूरा समाज पूरी तरह से सशक्त हो जायेगा। जिस देश में महिलाये सशक्त है वह देश आप पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ रहा है।

आज हमारा समाज और देश बहुत से चीजों में दुसरे देशो से पीछे है। इसका एक मुख्य कारण महिला सशक्तिकरण भी है। अगर किसी परिवार की महिला पूरी तरह से सशक्त है तो उस परिवार में होने वाली किसी भी समस्या को महिला और पुरुष बहुत ही आसनी से हल कर सकते है। ठीक इसी प्रकार यदि हमारे देश की सभी महिलये पूरी तरह से सशक्त हो जाये तो इस देश में होने वाली किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या को हम लोग मिलकर बहुत ही आसान तरीके से हल कर सकते है। आज के समाज को देखते हुए, जरुरी है कि हर महिला सशक्त, आत्मनिर्भर बने, ताकि वह खुद के और अपनों के लिए अपने पैरों पर खड़ी हो सके। बाद में न्यायाधीश ने कहा यदि प्रकार से महिलाओं को समस्या होती है तो परामर्श हेतु विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क कर परामर्श ले सकती है।

पंचायत उप निर्वाचन के दौरान रिक्त पदों के चुनाव नवीन प्रणाली पेपरलेस बूथ के माध्यम से होना प्रस्तावित

दमोह। म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत पंचायत उप निर्वाचन-2025 के दौरान रिक्त पदों के चुनाव नवीन प्रणाली पेपरलेस बूथ के माध्यम से होना प्रस्तावित है, इस नवीन प्रणाली की समस्त जानकारी से मतदाताओं अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को परिचित कराया जाना आवश्यक है, जिससे वे निर्वाचन के पूर्व नवीन मतदान प्रणाली से भली भांति परिचित एवं अभ्यस्त हो सके। उक्त कार्य के क्रियान्वयन एवं समुचित प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने जिला स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स को पदाविहित किया है। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, प्रभारी परियोजना प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन तिनेंद्र अहिरवार जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हटा अनुग्रह सिंह ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी, लाखन सींग कोंकड़े पंचायत समन्वयक अधिकारी जनपद पंचायत ब्लाक स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी, दिलीप जोशी माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल बिलगुवां को मास्टर ट्रेनर, माधव पटेल माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला भिलौनी को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने पदाविहित किये गये नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी/ मास्टर ट्रेनर्स को पचायत उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध / उत्तरार्द्ध) हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार पेपरलेस बूथ हेतु नवीन नतदान प्रणाली के सबंध में प्रचार-प्रसार संबंधी कार्यवाही जिला स्तरीय नोडल / सहायक नाडल अधिकारी के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

विक्रमोत्सव 2025 का आयोजन

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है राज्य शासन सस्कृति विभाग के परिपालन में पीएम श्री ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में विक्रमोत्सव आयोजन 30 मार्च 2025 को प्रातः 9 बजे से प्रस्तावित है। विक्रमोत्सव का आयोजन पूर्वान्ह में सूर्य उपासना कार्यक्रम, प्रमुख मंदिरों एवं शासकीय भवनों पर महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा उपलब्ध कराये गये ब्रहध्वज स्थापित किये जायेंगे। महाराजा विक्रमादित्य की जीवनी पर आधारित नाट्य प्रस्तुति स्थानीय नाट्य विद्यालय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जायेंगी। उन्होंने विक्रमोत्सव महोत्सव कार्यक्रम वर्ष 2025 की समस्त कार्यवाही किये जाने हेतु श्री सुशील नामदेव जन अभियान परिषद् दमोह को नोडल अधिकारी नियुक्त कर निर्देशित किया है।

पोषण भी, पढ़ाई भी: आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिये जा रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिये जा रहे प्रशिक्षण बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुदृढ़ीकरण हेतु पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के तहत परियोजना हटा के समस्त सात सेक्टरों की 206 आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 मार्च से 29 मार्च तक दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की समग्र शिक्षा और पोषण से जुड़ी आवश्यकताओं को समझाना और उनके कौशल को विकसित करना है। इस अभियान की निगरानी संभागीय संयुक्त संचालक बीएल प्रजापति एवं जिले के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। परियोजना अधिकारी शिवराज ने बताया कि यह प्रशिक्षण 24 मार्च से 29 मार्च 2025 दो चरणों में दिया जा रहा है। पहला चरण 24 से 26 मार्च, दूसरा चरण 27 से 29 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्था द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण मानकों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य

जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए सीखने, समझने और बाल मस्तिष्क विकास को बढ़ावा देने हेतु प्रशिक्षण। कार्यकर्ताओं को बच्चों के शुरुआती मानसिक विकास को सुगम बनाने की पद्धतियों से अवगत कराया जा रहा है। 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को खेल-खेल में सरल और सहज तरीके से सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना। बच्चों की शाला पूर्व तैयारी को मजबूत करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों में दिव्यांगता की प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को यह सिखाया जाएगा कि वे दिव्यांगता से जुड़े लक्षणों को प्रारंभिक अवस्था में पहचान सकें।

प्रशिक्षण की निगरानी और क्रियान्वयन-

प्रशिक्षण कार्यक्रम की गहन निगरानी संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर रहे हैं। हटा ब्लाक में प्रशिक्षण संस्था अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। हटा परियोजना अधिकारी शिवराय द्वारा प्रशिक्षण केंद्र पर आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। परियोजना अधिकारी शिव राय ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में नवजात और शिशु अवस्था से लेकर बाल्यावस्था तक के बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम न केवल पोषण बल्कि प्रारंभिक शिक्षा और मानसिक विकास को भी सुनिश्चित करता है।

यह प्रशिक्षण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विकास के वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराएगा, जिससे वे अपने केंद्रों में बच्चों के लिए एक बेहतर और प्रभावी सीखने का माहौल तैयार कर सकेंगी। प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में कैसे लागू करें इसके संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण परियोजना सांख्यिकीय अन्वेषण संध्या साहू, पर्यवेक्षक मिनी अर्पिता नाथन, चंद्रकांति बहोत्रा, रुबीना अंजुम, रूबी खान, संगीता कुर्मी के सहयोग से किया जा है।

छात्रों ने चलाया बीआईएस जागरूकता अभियान

लगभग 40 शासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों से मिले

दमोह। जिले के पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा दमोह शहर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में जाकर भारतीय मानक ब्यूरो (**BIS - Bureau of Indian Standards**) की महत्ता के प्रति जागरुकता अभियान चलाया गया। संस्था के प्राचार्य टी.के. श्रीवास्तव एवं व्याख्याता ऋषि यादव के मार्गदर्शन में इस अभियान के तहत 25-26 मार्च को लगभग 40 शासकीय कार्यालयों के लगभग 100 अधिकारी एवं कर्मचारियों को बीआईएस प्रमाणन एवं हॉलमार्क की पहचान और सत्यापन के बारे में जानकारी दी गई। श्रद्धा रजक, बंदना विश्वकर्मा, श्रेया सहित अन्य छात्रों ने बताया कि बीआईएस प्रमाणन उपभोक्ताओं को उत्पाद की शुद्धता और गुणवत्ता की गारंटी देता है। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान **BIS Care App** के उपयोग की जानकारी भी दी गई, जिसके माध्यम से कोई भी उपभोक्ता उत्पाद पर लगे आईएसआई मार्क या हॉलमार्क की प्रमाणिकता को आसानी से सत्यापित कर सकता है। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को बीआईएस प्रमाणित उत्पादों की पहचान करने के लिए सक्षम बनाना था, जिससे वे न केवल स्वयं जागरूक बनें बल्कि आम जनता को भी सही उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित कर सकें। पॉलिटेक्निक कॉलेज, दमोह के इस प्रयास की सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सराहना की तथा इसे एक महत्वपूर्ण पहल बताया, जिससे समाज में गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के प्रति जागरुकता बढ़ेगी।

खबर संक्षेप

खरगराम अहिरवार को मोट्रोराईज्ड ट्राईसाईकिल पुनः प्रदान की जायेगी

दमोह। उप-संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने बताया दिव्यांग युवक खरगराम अहिरवार पिता श्री इमरत निवासी ग्राम खडेरी तहसील बटियागढ़ दमोह के द्वारा जरूरत की साईकिल के संबंध में परीक्षण करने पर बात सामने आयी की दिव्यांग हितग्राही द्वारा उपकरण के सबंध में कोई भी आवेदन या दस्तावेज जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में जमा नही किया है। जनसुनवाई के अभिलेख के अनुसार आवेदक का पिछले 5 बार आने का प्रमाण नहीं मिला। उन्होंने बताया उप-संचालक सामाजिक न्याय ने बताया आवेदक को दिव्यांग पेंशन 600 रूपये मासिक मिल रही है। दिव्यांग श्री अहिरवार द्वारा बताया गया कि उसे माह नवम्बर 2020 में मोट्रोराईज्ड ट्राईसाईकिल प्राप्त हुई थी। नियमानुसार 05 वर्ष पश्चात नवम्बर 2025 में मोट्रोराईज्ड ट्राईसाईकिल प्रदाय की जा सकेगी। इस प्रकार आवेदक को उसकी दिव्यांगता को देखते हुए माह नवम्बर 2020 में ही मोट्रेट ट्राईसाईकिल प्रदान की गई थी। पात्रता अनुसार मोट्रेट ट्राईसाईकिल पुनः प्रदान की जायेगी।

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी हुई शुरू

दमोह। भाजपा सरकार की मंशा अनुसार आज 26/03/25 चंपत पिपरिया वेयरहाउस व श्री केशव जी वेयरहाउस पिपरिया दिगंबर गेहूं खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर ,भगवान बलराम जी ,अन्नपूर्णा देवी व धर्म-कांटों का पूजन किया गया ,तत्पश्चात किसान भाइयों का फूल-माला पहनकर सभी के पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीनदयाल पांडे ,बिहारी पटेल किसान संघ के जिलाध्यक्ष श्री राम पटेल व अन्य भाजपा के जेस्ट-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही साथ ही सभी पदाधिकारी ने खरीदी केंद्र के प्रभारी ,अन्य कर्मचारी सर्वेयरों व कंप्यूटर ऑपरेटर को समझाइश देते हुए चर्चा की गई खरीदी केंद्र पर सभी किसानों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधा दी जाएं।

रंजीत का नवोदय विद्यालय में चयन

बनवार। जनपद जबेरा के ग्राम लरगुवा निवासी छात्र रंजीत पिता विरसन सींग लोधी का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 वीं के लिए हुआ है। रंजीत ने बताया कि वह पढ़ाई करने के बाद अपने मामा की तरह पुलिस विभाग मे सेवाएं देना चाहता है। रंजीत के मामा वीरेंद्र सींग लोधी ने बताया कि रंजीत शुरू से ही पढ़ाई को लेकर काफ़ी गंभीर रहा है। उसने अनूपपुर मे रहकर तीन वर्षो तक नवोदय विद्यालय परीक्षा की तैयारी की है। नवोदय मे चयन की इच्छा ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। विद्यालय परिवार का कहना है की रंजीत की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी।

पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

तेंदूखेड़ा । अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में दिनांक 25 3.2025 को पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन के प्रयोजन से गठित ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता विषय - सिंगल यूज प्लास्टिक एवं लघु परियोजना विषय - phytoremediation एंड bioremediation का आयोजन किया गया । आयोजन संस्था प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी डॉ मनीषा कुमारिया के द्वारा आयोजन किया गया। इको क्लब के सदस्य श्री मेघ सिंह वर्मा, श्रीमति रिचा लोधी उपस्थित रहे, सुरेश dodve, डॉ संध्या स्थापक, डॉ रश्मि मिश्रा, डॉ नन्द किशोर निकोसे जी ने सहयोग किया। कार्यक्रम के निर्णायक समित सहायक प्राध्यापक डॉ अरूणेन्द्र पटेल एवं डॉ संध्या स्थापक रही , महाविद्यालय से 50 विद्यार्थीयो ने अपनी सहभागिता दी।

उपार्जन के संबंध में दिए गए अहम दिशा-निर्देश, प्रदेश में प्रथम स्थान आने पर दी बधाई

तालाब, शासकीय संपत्तिया, भवन आदि की एंट्री अभियान के रूप में राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराई जायें: संभागायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जल संरक्षण और जल संवर्धन में 30 मार्च से 30 जून तक अभियान चलाया जाना है, सभी विभाग शासन की मंशानुसार समन्वय से बेहतर कार्य अंजाम देना सुनिश्चित करें। जिले में ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से जितने भी तालाब बने हैं, उन्हें राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने जिला कार्यालय में आयोजित विभागीय समीक्षा के बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा भू अर्जन के बाद भूमि, शासकीय भवन आदि का राजस्व रिकॉर्ड में एंट्री सुनिश्चित कर ली जाए, यह कार्य एक अभियान चलाकर पूरा सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही इसमें भवन आदि का पूरा विवरण दर्ज हो, यह भी कहा अभियान चलाकर सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण किया जाये। इस आयोजित बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, एडिशनल कलेक्टर मीना मसराम सहित एसडीएम और जिला अधिकारी मौजूद रहे। संभागायुक्त डॉ. रावत ने स्वरोजगार मूलक योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग विभागीय योजनाओं के लक्ष्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना के अंतर्गत दमोह जिले को वर्ष 2024-25 के लक्ष्य 160 प्रकरण का मिला था, इसके विरुद्ध सभी बैंकर्स और विभागों के सहयोग से इस लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है और जिला इस योजना में अभी प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। संभागायुक्त डॉ. रावत ने सराहना करते हुए सभी विभागों से कहा इसी तरह अन्य विभाग भी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ले और लक्ष्य प्राप्ति के साथ ही शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कर लिया जाए। समीक्षा के दौरान उद्योग विभाग द्वारा बताया गया कि उनको प्राप्त लक्ष्य के 100 प्रतिशत वितरण हो गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शहरी की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त डॉ रावत ने कहा कि शासन की मंशानुसार कार्यवाही ग्रामीण और शहरी विकास अभिकरण सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री फुलपगारे ने बताया कि आवास प्लस सर्वे में अब तक 140000 पंजीयन हुए हैं और पंजीयन में प्रदेश में दमोह जिला तीसरे स्थान पर है। संभागायुक्त डॉ रावत ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के पंजीयन, वजन और ऊंचाई लेने की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की मंशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाए। इस कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं पर भी लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित जिला महिला बाल विकास अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा जिलाधिकारी के इंक्रीमेंट रोके जाएंगे। उन्होंने आंगनबाड़ी में प्रतिदिन की हाजिरी के संबंध में चर्चा करते हुए कहा प्रतिदिन समीक्षा की जाए और इसमें लापरवाही पाए जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

आयोजित बैठक में टीवी मुक्त भारत अभियान, गर्भवती महिलाओं का इलाज आयोजित हो रहे शिविरों के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मेडिकल कॉलेज के निर्माण के संबंध में बताया गया कि आधा कार्य पूरा हो गया है, कार्य प्रगति पर है और पेयजल के संबंध में बताया गया की योजना बनाकर शासन को भेज दी गई है, जिसमें मेडिकल कॉलेज के साथ ही आईटीआई और सीएम राइज स्कूल में भी पेयजल आपूर्ति शामिल है।

बैठक के प्रारंभ में सीएम हेल्पलाइन में दमोह जिला ए ग्रेड आने पर संभागायुक्त ने जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और सभी जिला अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। बैठक के दौरान गेहूं, चना, मसूर, अरहर के उपार्जन के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पेय जल आपूर्ति के संबंध में जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जल निगम को शेष दो परियोजना जिन पर काम चल रहा है उनको तय समय सीमा में पूरा करने के लिए हिदायत दी गई।

आदर्श उपार्जन केन्द्र का लिया जायजा, शिक्षकों को किया सम्मानित

दमोह। कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत आज दमोह पहुंचकर पी.जी. गोदाम ग्वारी में आर्दश उपार्जन केन्द्रों का जायजा लिया और वहां की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने इसकी सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके उपरांत संभागायुक्त कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बोर्ड परीक्षाओं में अपना उत्तरदायित्व निभाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। ई-ऑफिस की शुरूआत की। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, वनमण्डल अधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे विशेष रूप से मौजूद थे। राज्य सरकार के निर्देश थे कि 1 अप्रैल से जिलों में ई- ऑफिस शुरू हो जाए तो आज कमिश्नर श्री रावत की उपस्थिति में कलेक्टर श्री कोचर ने ई- ऑफिस की पहली फाइल जिले में अप्रूव.करके भेजी है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस तरह से औपचारिक रूप से ई-ऑफिस हमारे यहाँ एक चरणबद्ध रूप से होगा। उसको आज से ही शुरू कर दिया है। कमिश्नर श्री रावत ने दीदी कैफे का भी अवलोकन किया और उन्होंने संतुष्टि ज़ाहिर की और निर्देश दिए कि इसको और बेहतर बनाने के लिए जो उपाय किए जा सकते हैं करें, ताकि समूह की आमदनी अधिक से अधिक बढ़े।

किताबें, कॉपियां कॉम्पिटेटिव दरों पर मिलेगी

पुस्तक मेला स्थल आज से

एमएलबी स्कूल में विशाल पुस्तक मेला आज से 31 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज 27 मार्च से लेकर 31 मार्च तक स्थानीय एमएलबी स्कूल में एक विशाल पुस्तक मेला लग रहा है, जो प्रातः 11 बजे से शाम 08 बजे तक चलेगा। यह केवल पुस्तक मेला नहीं है। पुस्तक, स्टेशनरी और यूनिफॉर्म तीनो चीज़ें यहाँ पर मिलेंगी और इसमें बाहर से विक्रेतागण के अलावा प्रकाशक भी आ रहे हैं, इसीलिए सभी से आग्रह है सभी अभिभावक गण, विद्यार्थियों के माता-पिता बड़ी संख्या में मेला स्थल पर आएं और किताबें, कॉपियां कॉम्पिटेटिव दरों पर प्राप्त करें ताकि उनको किसी एक पर्टिकुलर दुकान से कोई चीज़ खरीदने के लिए बाध्य ना होना पड़े। उन्होंने कहा वहाँ से वह सभी सामग्री खरीद सकते हैं, जो उनके बच्चों के पठन पाठन के लिए जरूरी है।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हर स्कूल के लिए 12 ऑर्डर जारी किए हैं, मतलब यदि वह स्कूल पहली से बारहवीं तक का है तो उसके लिए 12 आदेश, यदि वह पहली से दसवीं तक का है तो उसके लिए 10 आदेश, अलग-अलग कक्षा वार ऑर्डर जारी किए हैं। उसमें किताबें निर्धारित की गई है कि इस क्लास में यह वाली किताब चलेगी और यह जो पूरा निर्धारण स्कूल की सहमति से किया है। इसका मतलब यह है की स्कूल भी सहमत है, की वह ये किताबें चलाने वाले है। इस बार स्कूल और प्रशासन दोनों ने पहले चर्चा करके और फिर उसके बाद ऑर्डर निकाला है, यह आदेश एक तरफा नहीं निकले हैं, यह चर्चा के बाद ही निकले हैं और स्कूल की सहमति के बाद निकले हैं। इसलिए अब स्कूल भी और कोई किताब नहीं चलाने वाला है।

कलेक्टर श्री कोचर ने जिले के नागरिकों से आग्रह करते हुये कहा इस पुस्तक मेले का आप लाभ लें और किताबें यहीं से लें। इस मेले के बाद एक बार और अप्रैल के महीने में यह मेला लगाएंगे ताकि यदि कोई विद्यार्थी छूट जाते हैं, यदि पुस्तकें, कापियां नहीं ले पाते हैं, तो फिर वह किताबें अप्रैल माह के मेले में भी ले सकते हैं। इस अवधि में मार्च से लेकर अप्रैल तक किसी भी प्रकार का दबाव अभिभावकों के ऊपर नहीं बनाया जाएगा, स्कूलों के द्वारा, की उनको इतने दिन के भीतर ही खरीदनी है। पूरे महीने में एक बार मार्च के अंत में और एक बार इसी तरह से अप्रैल के अंत में एक और मेला लगाएंगे ताकि विद्यार्थियों के अभिभावकों की पूरी जरूरत इससे पूरी हो जाए और विद्यार्थी व्यवस्थित रूप से पढ़ाई कर सकें।

उन्होंने कहा स्कूल शिक्षा विभाग इसकी पूरी तैयारियां कर रहा है और अभी लगातार पिछले दिनों में सारे स्कूल संचालकों की बैठक चार चरणों में ली है, आज 25 मार्च को पुस्तक विक्रेताओं की स्टेशनरी विक्रेताओं की यूनिफॉर्म विक्रेताओं की सबकी बैठक भी रखी गई। सभी से चर्चा के बाद और सबसे बात करके यह व्यवस्थित रूप से आयोजित करने का प्रयास किया जायेगा।

देव श्रीजागेश्वर नाथ जी की नवीन जलहरी की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री देव जागेश्वर नाथ मंदिर बांदकपुर में विधिवत पूजन हवन के साथ 57 किलो 600 ग्राम चाँदी से निर्मित जलहरी की स्थापना कराई गई। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि वाराणसी से आये हुये कारीगरो के द्वारा 24 एवं 25 मार्च की रात्रि में लगातार कार्य कर 45 किलो 405 ग्राम वजनी जलहरी को निकाला गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित राम कृपाल पाठक एवं पुजारियो के द्वारा विधिवत पूजन हवन कर जलहरी की स्थापना कराई गई। शिवलिंग के प्रतिवर्ष आकार बढ़ने के कारण जलहरी का आकार बढ़ाया गया है जिस कारण से पूर्व की जलहरी की अपेक्षा वर्तमान जलहरी में 12 किलो से अधिक चाँदी लगानी पड़ी मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक पंडित राम कृपाल पाठक ने बताया कि माननीय जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन एवं मंदिर ट्रस्ट के सदस्य मंदिर के समस्त पुजारियो की देखरेख में जलहरी स्थापना का कार्य पूर्ण कराया गया है और पहले से अधिक आकार की जलहरी की स्थापना की गई है।

सचिव द्वारा की जा रही अनियमितताओं के संबंध में ग्रामीणों ने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

मंगलवार को जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बमनौदा में लगातार शासन की योजनाओं का दुरूपयोग ग्राम पंचायत सचिव द्वारा किया जा रहा है, जिससे जन सामान्य को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा शिकायती आवेदन में कहना ग्राम के ग्राम वासियों का है इसी संबंध में एक शिकायती आवेदन तहसील पहुंचकर एसडीएम के नाम दिया गया है जिसमें ग्राम के लोगों ने उल्लेख किया गया है कि ग्राम टेड़ महगुवां में सी. सी. नाली की राशि आहरित की जा चुकी है। और धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया है। आहरितं राशि लगभग 2 लाख रूपये जो दिनांक 14 फरवरी 2023 को आहरित की गई है। ग्राम सातापैरी में पुलिया निर्माण की राशि लगभग 3 लाख रूपये आहरित की जा चुकी है, जिसका कार्य ० प्रतिशत है, ग्राम बमनौदा में किसानों के कुंआ का खनन हुआ ही नहीं है, और समस्त प्रकार की राशि आहरित की जा चुकी है। ग्राम सातापैरी में परकुलेशन टेंच फर्जी तरीके से किया गया है, ग्राम बमनौदा में शौचालय निर्माण फर्जी तरीके से किया जा रहा है। जो जायज है उसका कोई भुगतान नहीं किया गया है। उक्त संबंध में हम लोगों द्वारा पूर्व में दिनांक 23 दिसंबर 2024 को श एस डी एम महोदय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय तेन्दूखेड़ा को शिकायत की गई थी, किन्तु आज दिनांक तक कोई जांच एवं कार्यवाही नहीं की गई है। जांच कराकर उचित कार्यवाही करने की दया करें ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन सामान्य को प्राप्त हो सकें। शिकायती आवेदन देने वालों में विनीत धुर्वे, इमरत गुड्डा,सतोष सिह,बहादुर , गोविंद सिंह आदि सम्मिलित हैं।

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बीमा राशि का किया वितरण

हिंडोरिया। जिले के नगर हिंडोरिया में जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिंडोरिया द्वारा बीमा राशि वितरण किया गया। शाखा द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनामें पीएम जेजे बीमा के अंतर्गत शाखा में खाता धारक मृतक तुलसा बाई विश्वकर्मा पति मनोहर विश्वकर्मा जो कि ग्राम पंचायत भदौली की निवासी है को भारतीय स्टेट बैंक हिंडोरिया द्वारा 2 लाख की बीमा राशि शाखा प्रबंधक हिमांशु अग्रवाल जी के द्वारा चेक दिया गया। हिंडोरिया शाखा के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। इसमें फील्ड ऑफिसर सत्येंद्र सिंह, कैशियर रत्नेश, शिल्पी बाबू, ऋषभ राज, सत्यम पाठक, राजेश वर्मा, भागीरथ पटेल आदि समस्त स्टाफ ने मनोहर विश्वकर्मा को चेक सौंपा।

सगोनी वन परिक्षेत्र में भीषण आग

वन विभाग और स्थानीय अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए किया निरंतर प्रयास

बनवार। सगोनी वन परिक्षेत्र सलैया और टपरिया के बीच जंगल में अज्ञात कर्म के चलते दोपहर में भीषण आग लग गई पर काबू पाने के लिए फॉरेस्ट की टीम के द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है लेकिन खबर लिखे जाने तक आग पर पूरा काबू नहीं पाया गया है गनीमत रही सलैया टपरिया के पास लगी फसलों तक आग पहुंचने के पहले काबू कर लिया गया। और खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को आग से बचा लिया गया। कोटवार के द्वारा आग लगने की सूचना पटवारी को दी गई। पटवारी के द्वारा नायब तहसीलदार को सूचित किया गया जिसके बाद बनवार नायब तहसीलदार अटल विहारी वर्मा, रेंजर अखलेश चौरसिया, डिप्टी रेंजर समदरिया, पटवारी राजेंद्र, बनवार चौकी से प्रधान आरक्षक गणेश अहिरवार, आरक्षक कृष्णकांत सहित वनकर्मियों एवं ग्रामीणों का सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया। जिसके नतीजन खेतों तक आज पहुंचने से पहले काबू पा लिया गया अब सिर्फ जंगलों में आग सुलग रही है। पहाड़ी जंगली क्षेत्र होने की वजह से फायर ब्रिगेड क्या फायरफाइटर नहीं पहुंच पा रहा है वन विभाग के द्वारा हवा प्रेशर मशीन के द्वारा आज को बुझाया जा रहा है बताया जा रहा है कि करीब 2 हेक्टेयर से अधिक जंगल में आग लगी है।

अस्मिता महिला हॉकी लीग का हुआ समापन

ग्वालियर की टीम दोनो वर्गो में विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हॉकी इंडिया भारतीय खेल प्राधिकरण के दिशानिर्देशन मे हॉकी मध्य प्रदेश के तत्वावधान मे आयोजित महिला हॉकी लीग का भव्य समारोह हॉकी दमोह के पोषक पूर्व वित्त मंत्री विधायक जयंत मलैया, पूर्व अतंरराष्ट्रीय गोल कीपर चक दे इंडिया फेम मीर रंजन नेगी, पुलिस अधीक्षक सोमवंशी जी, पूर्व विधायक अजय टडन, हॉकी महासचिव लोकबहादुर उपाध्यक्ष, डीएल गोर, अजू टडन, वंदना नेगी, मिसेस सोमवंशी, जगेनदर तोमर, साई पर्यवेक्षक, शालिनी विश्वकर्मा, सरोज राजपूत, विनोद कटारे, नरेंद्र दुबे के आतिथ्य मे हुआ। ग्वालियर जबलपुर का मुकाबला कशमकश भरा रहा। पहले हाफ मे कोई टीम गोल नही कर पाई। दूसरे हाफ मे ग्वालियर ने बेहतर प्रदर्शन कर फील्ड गोल कर बढत बनाई। कुछ समय बाद जबलपुर ने जबाबी हमला किया। गोल करने मे सफलता प्राप्त की आखिरी समय पर ग्वालियर ने बेहतर तालमेल से हमला किया। गोल करने सफलता प्राप्त कर विजय प्राप्त की। अतिथियो का स्वागत जगेनदर तोमर, राजेश सालोमन, हरिशंकर भगवान सिंह, विजय ठाकुर, असार प्रदीप अग्रवाल, नितिन, इमरान, शैलेन्द्र, आयोजक विकास जैन ने किया। अतिथियो ने शानदार प्रदर्शन के लिए बेटियो को शुभकामनाये दी। लोकबहादुर ने आयोजन की रिपोर्ट पेश की अजय टडन, साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने खेलो से समाज मे सदभाव लाने की बात की। आभार ललित नायक ने माना। अतिथियो ने विजेता उपविजेता तथा तीसरे स्थान पर आई टीम को क्रमश दो लाख, एक लाख, साठ हजार, एक लाख बीस हजार रुपए मेडल स्मृति चिन्ह भेट किये।सब जूनियर वर्ग मे ग्वालियर रायसेन दमोह जूनियर वर्ग मे ग्वालियर जबलपुर गुना की टीम रही। संचालन शेख असार ने किया।